Dr. RAMMANOHAR LOHIA AVADH UNIVERSITY, AYODHYA (U.P

**पत्रांकः पं0दि0दी0 / 06 / रंगोली / 2021** **दिनाँकः 29 / 10 / 2021**

# अधिसूचना

निदेशक अयोध्या शोध संस्थान अयोध्या, द्वारा प्रेषित पत्र–पत्रांक संख्या 125 / अयो0शो0सं0 / दीपोत्सव / 2021–22 दिनाँक, 27 अक्टूबर 2021 के सन्दर्भ में सादर अवगत कराना है की **ललित कला (फाईन आर्ट्स) विभाग ,आवासीय परिसर, डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या** के तत्वाधान में आगामी **पंचम दिव्य दीपोत्सव 2021–22** के अवसर पर आयोजित "**रंगोली प्रतियोगिता**" का आयोजन **दिनांक 02–11–2021 को प्रातः 10 से 02 बजे के मध्य प्रस्तावित है।** उक्त कार्यक्रम को सुचारु रुप से सम्पन्न कराने सम्बंधी नियम, उपनियम एवम् सूचनायें निम्नवत् है–

## रंगोली प्रतियोगिता के नियम–

1–डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या की वेबसाइट पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन **दिनाँक 28–10–2021 से 30–10–2021 शाम 5 बजे तक किया जायेगा।** ग्रुप का नाम, ग्रुप लीडर का नाम तथा प्रत्येक प्रतिभागी का आधार कार्ड संख्या रजिस्ट्रेशन फार्म में भरना अनिवार्य है। आधार कार्ड की फोटो कापी रजिस्ट्रेशन फार्म के प्रिंट आउट के साथ संलग्न करके सीधे सम्बन्धित विभाग **में दिनाँक 30–10–2021, को शाम 5:00 बजे तक जमा करना अनिवार्य है। फार्म प्रेषित करने का पता – ललित कला (फाईन आर्ट्स) विभाग, आवासीय परिसर, डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या, 224001 हैं।**

2–**विषय –" रामकथा आधारित लोक कथायें "** विषय पर ही आधारित रंगोली बनानी है।

3–**स्थान–राम की पैड़ी, अयोध्या।**

4– **क्षेत्र** –प्रत्येक ग्रुप को रंगोली बनाने के लिए 5 x 5 फिट का स्थान दिया जायेगा।

5–**समय – दिनाँक 02 / 11 / 2021 सुबह 10:00 बजे से शाम 02:00 बजे तक।**

6–**ग्रुप के सदस्यों की अधिकतम संख्या –** 05 सदस्य।

7–**ग्रुप संख्या**–अधिकतम 30 ग्रुप।

8–प्रत्येक ग्रुप को रंगोली का समस्त सामान स्वयं लाना है।

9–15 से 25 आयु वर्ग का व्यक्ति ही प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकता है।

10–**प्रतिभागियों को प्रदत्त सुविधा –**

1–पुरस्कार धनराशि एवं प्रमाण–पत्र पुरस्कार वितरण के दिन प्रदान किये जायेंगे।

11–**पुरस्कार–**

| | |
|---|---|
| प्रथम पुरस्कार (प्रति ग्रुप) | 25,000=00 (कुल रूपया पच्चीस हजार मात्र) |
| द्वितीय पुरस्कार (प्रति ग्रुप) | 20,000=00 (कुल रूपया बीस हजार मात्र) |
| तृतीय पुरस्कार (प्रति ग्रुप) | 15,000=00 (कुल रूपया पन्द्रह हजार मात्र) |
| पाँच सांत्वना पुरस्कार (प्रति ग्रुप) | 50,000=00 (कुल रूपया पच्चास हजार मात्र) |

12–**विशेष–**प्रतियोगिता में पुरस्कार हेतु चुने जाने वाली **'रंगोली'** के सम्बन्ध में अन्तिम निर्णय **''ललित कला (फाईन आर्ट्स) विभाग'' आवासीय परिसर, डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या द्वारा नामित निर्णायक मण्डल द्वारा किया जायेगा।**

13–प्रतियोगिता के दौरान मोबाइल फोन का प्रयोग निषेध हैं। मोबाइल फोन प्राप्त होने की दशा में उस ग्रुप को प्रतियोगिता से बाहर कर दिया जाएगा।

14– सम्बंधित प्रतियोगिता के प्रतिभागी यह सुनिश्चित कर लें कि प्रतिभागिता पूर्ण रूप से स्वैच्छिक है और निर्णायक मण्डल का निर्णय अन्तिम होगा। आयोजन या निर्णय के संबंध में किसी भी प्रकार की जनसूचना अथवा न्यायिक विवाद वांछित नही होगा।

15–प्रतिभागी ग्रुप का पुष्टिकरण ग्रुप लीडर के मोबाइल नं0 पर प्रेषित किया जाएगा।

16–प्रतियोगिता से सम्बन्धित वृहत् विज्ञापन का प्रकाशन अयोध्या शोध संस्थान, अयोध्या, द्वारा किया जायेगा।

17–प्रतियोगिता आयोजक मण्डल को यह सर्वाधिकार है की वो किसी भी अपरिहार्य परिस्थिति में सम्बन्धित प्रतियोगिता को निरस्त कर सकता हैं।

18–सम्पूर्ण प्रतियोगिता कोविड–19 महामारी के सुरक्षा मानको एवं सोशल डिस्टेंसिग के साथ सम्पन्न की जायेगी।

**(विनोद कुमार श्रीवास्तव)**
**समन्वयक**
**ललित कला (फाईन आर्ट्स) विभाग**